# बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०,
## Bihar State Tourism Development Corporation Ltd.

वीरचन्द पटेल पथ / Beerchand Patel Path, पटना / Patna- 800 001
दूरभाष / Phone :- +91-612-2222622 फैक्स नं0 / Fax No:- 0612-2506218
web : www.bstdc.bihar.gov.in, E-mail : contactbstdc@gmail.com

BSTDC

---

**सं0सं0**–161/15/टी0टी0/119/23 दिनांकः– 12.01.2023

## अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

### गाँधीघाट, पटना में ''गंगा महाआरती'' बिजली व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, आरती का लाईव टेलिकास्ट की व्यवस्था पूजन सामग्री इत्यादि के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना ।

बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना के द्वारा पटना के गाँधीघाट में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को गंगा महाआरती का आयोजन किया जाता है ।

यह आयोजन संध्या के समय किया जाता है, जिसमें पर्याप्त रोशनी एवं आर्कषक विद्युत की सजावट की जाती है, इसके अतिरिक्त पूजन सामग्री, चौकी, दरी, प्रसाद इत्यादि की व्यवस्था भी सम्मिलित होती है । आरती के समय गाँधीघाट, पटना में निम्न विद्युत सामग्री लगाना अनिवार्य होगा। घाट के नीचे बॉस के बने पाँच छत्तरी आकार का गोल गुम्बज लाईटिंग के साथ, मेटल लाईट–10, हाईलोजन–10, बोर्ड लाईट–10, पाईप सीरीज/झालर (ब्लू रंग का) गैंगवे से मेन गेट तक, हर हर गंगे बोर्ड–5, साउण्ड बॉक्स–6, हार्न–4, कोर्डलेस माईक–5 साईलेंट जेनेरेटर–1 (उच्च क्वालिटी 10 KVA तेल के साथ) एवं एल0 ई0डी0 स्क्रीन–02 पीस (10 x 8 फीट) लाईव टेलिकास्ट, मेन गेट पर LED Board का गेट की व्यवस्था। इसके अतिरिक्त समय–समय पर विशेष लाईटिंग व्यवस्था भी आदेशानुसार करना होगा। साउण्ड सिस्टम उच्च कोटि के मिक्सचर मशीन के साथ होना अनिवार्य होगा, तथा गंगा महाआरती का वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफी कराना होगा। निविदादाता अपना ऑफर निविदा बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉ0 लि0, पटना के मुख्यालय होटल कौटिल्य विहार के ट्रेवल एण्ड ट्रेड शाखा में दिनांक– **25.01.2023** के अपराहन् **02:00** बजे तक समर्पित कर सकते है एवं उसी दिन **03:00** बजे अपराहन में निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष निविदा खोला जाएगा। निविदा फार्म ट्रेवल एण्ड ट्रेड,, पटना से राशि 500.00 **(पॉच सौ)** रू0 मात्र देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के साथ अग्रधन की राशि रू0– 50,000/–(पचास हजार) रू0 मात्र निविदा के **Technical Bid** के साथ डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक भुगतेय **बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉ0 लि0, पटना** के नाम से जमा किया जायेगा । निविदादाता द्वारा प्रतिदिन/साप्ताहिक/मासिक तीनों दर देना अनिवार्य होगा। यह कार्य मात्र **दो वर्ष के लिए** आवंटित किया जाएगा । निविदा के किसी भी भाग को या सम्पूर्ण निविदा को प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉ0 लि0, पटना को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

ह०/–
विशेष कार्य पदाधिकारी
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना

## ***गाँधीघाट, पटना में गंगा महाआरती के लिये बिजली व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पूजन सामग्री इत्यादि के लिए प्रस्ताव का आमंत्रण***

## ऑफर समर्पित करने की प्रक्रियाः–

निविदा निर्धारित प्रपत्र (इस नियमावली के साथ संलग्न) में दो भागों में अलग–अलग दो मुहरबंद लिफाफे में **Technical Bid और Financial Bid** बंद किया जायेगा एवं प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता अपना पूर्ण पता अंकित करेंगे, तदोपरान्त इन दोनों लिफाफों को एक बड़े मुहरबंद लिफाफे में बंद किया जायेगा। दोनों लिफाफों में निम्नवत् रूप से कागजात जमा किया जायेगा :–

- **तकनीकी निविदा 01 –** तकनिकी निविदा से सम्बन्धित संलग्न प्रपत्र में सभी कॉलम को भरकर मुहरबन्द लिफाफे में दिया जाना है। इस मुहरबंद लिफाफे के ऊपर तकनीकी निविदा स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना है। इस प्रपत्र में जितने भी कागजात मॉगें गये है सभी की छायाप्रति/अभिप्रमाणित प्रति संलग्न की जानी है। निविदा के साथ **50,000**/– (पचास हजार) रू0 मात्र की अग्रधन की राशि जमा करनी होगी। अर्नेस्ट मनी की राशि बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से ''**बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0**,'' भुगतेय स्थल पटना के नाम संलग्न किया जाना है।
- **वित्तीय निविदा 02 –** वित्तीय निविदा से संम्बधित संलग्न प्रपत्र में सभी कॉलम को भरकर मुहरबंद लिफाफे में दिया जाना है। इस मुहरबंद लिफाफे के ऊपर वित्तीय निविदा स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना है।

निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि–**25.01.2023** को **02:00 बजे अपराह्न** है। निविदा उसी दिन **03:00** बजे अपराह्न निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कॉ0 लि0, पटना को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

## निविदा की नियम एवं शर्त्तेः

- पर्यटन निगम, निगम हित में या लोक हित में बिना कोई कारण बताये अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा, जिसके लिए निगम द्वारा अनुज्ञप्ति की समानुपातिक राशि या सभी वसूलनीय राशि का समायोजन के पश्चात निविदादाता को लौटा दिया जायेगा।
- निगम अर्थात बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 अर्थात् लाइसेंसकर्त्ताएवं निविदादाता अर्थात लाइसेंसधारी के बीच किसी प्रकार के विवाद एवं मतभेद की अवस्था में प्रबंध निदेशक का निर्णय दोनो पक्षो पर बाध्य होगा।

- कार्यालय द्वारा निर्धारित बिजली व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, साउण्ड एण्ड लाईट, 48 इंच की टी0वी0 एवं डिजिटल कैमरा उच्च कोटि का लगाना होगा।

**कार्यालय द्वारा निर्धारित पूजन सामग्री प्रसाद इत्यादि उच्च कोटि का गंगा महाआरती में आपूर्त्ति करना अनिवार्य होगा ।**

**गंगा महाआरती, गाँधी घाट, पटना में प्रति आरती उपलब्ध कराने हेतु सामग्री का विवरणी**

| क्र0 | पूजन सामग्री | मात्रा |
|---|---|---|
| 01. | घी | 4 kg |
| 02. | कपूर | 2 kg |
| 03. | धुना | 2 kg |
| 04. | रूई | 500 gm |
| 05. | रूई बत्ती (बड़ा) | 5 pkt |
| 06. | नारियल | 1pc |
| 07. | धूप बत्ती | 3 pkt |
| 08. | अगरबत्ती | 5 pkt |
| 09. | दूध | 1Lt. |
| 10. | सर्फ | 2 kg |
| 11. | मोम | 2 pc |
| 12. | रोड़ी, सिन्दूर | 5 pc |
| 13. | फुल माला | 11 pc |
| 14. | लावा | 3 kg |
| 15. | मकुनदाना | 2 kg |
| 16. | बेदाम | 2 kg |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | चौकी | 10 pc (Size-6’ x 4‘) |
| 18. | दरी | 5 pc (Size-6’ x 4‘) |
| 19. | L.E.D. स्क्रीन (10 x 8) फीट | 02 pc |
| 20. | डिजिटल कैमरा (उच्च कोटि) | 01 pc |
| 21. | साईलेंट जेनेरेटर | 02 Pic |
| 22. | आरती स्थल पर बॉस के बने छत्तरी एवं लाईटिंग | 05 Pic |
| 23. | मेन गेट पर LED LIGHT BOARD GATE | 01 Pic |
| 24. | छोटा चौकी | 05 Pic |

***गाँधीघाट, पटना में गंगा महाआरती ''बिजली व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पूजन सामग्री,चौकी, दरी, प्रसाद इत्यादि के लिए प्रस्ताव का आमंत्रण ।***

# ***तकनीकी निविदा का प्रपत्र– I***

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | वर्त्तमान पता (दूरभाष नम्बर सहित) | |
| 3. | स्थाई पता :– | |
| 4. | अर्नेस्ट मनी राशि की विवरणी | बैक डाफ्ट / बैंकर्स चेक न0.....................<br>मनी रसीद नम्बर–.....................................<br>दिनांक–.........................रकम.......................... |
| 5. | आवेदन के साथ निम्नांकित अभिलेख / प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जानी है | 1. पैन नंबर के कागजात की अभिप्रमाणित प्रति।<br>2. इनकम टैक्स रिटर्न के प्राप्ति रसीद विगत तीन वर्षो की छायाप्रति यथा वर्ष– 2019–20, 2020–21, 2021–22,<br>3. G.S.T. से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति<br>4. आवासीय प्रमाण–पत्र (आधार कार्ड या ड्राईविंग लाईसेंस) की छायाप्रति ।<br>5. दुकान का रजिस्ट्रेशन नं0 की छायाप्रति।<br>6. आचरण प्रमाण पत्र (एस0पी0 या संबंधित थाना) |

**आवेदक की अण्डर्टेकिंग :**

- मेरे द्वारा टेण्डर नियमावली एवं अन्य नियम एवं शर्त्ते अच्छी तरह पढ़ने / समझने के उपरान्त यह आवेदन दिया जा रहा है। निगम द्वारा निर्धारित सभी नियमों / शर्त्तों के अनुसार संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन देता हूँ।
- मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य / संलग्न अभिलेख अथवा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं। निविदा में किसी भी स्तर पर इन्हें गलत पाये जाने पर निगम यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

***गाँधीघाट, पटना में गंगा महाआरती ''बिजली व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पूजन सामग्री इत्यादि के लिए प्रस्ताव का आमंत्रण ।***

## ***वित्तीय निविदा का प्रपत्र***

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | स्थाई पता | |
| 3. | वर्त्तमान पता (दूरभाष नम्बर सहित) | |
| 4. | गंगा महाआरती के बिजली/ साउण्ड व्यवस्था, पूजन सामग्री, चौकी, दरी, प्रसाद, टी0वी0 (10x8 फीट) दो पीस, एक डिजिटल कैमरा (उच्च कोटि) इत्यादि के लिये निगम से मांगी जाने वाली प्रस्तावित राशि (प्रतिदिन, साप्ताहिक एवं मासिक दर कोट करें) | रू०– ......................................../– (प्रतिदिन)<br>रू०– ......................................../– (साप्ताहिक)<br>रू०– ......................................../– (मासिक)<br>(GST EXTRA) |

आवेदक की अण्डरटेकिंग :

- मेरे द्वारा टेण्डर नियमावली एवं अन्य नियम एवं शर्त्तें अच्छी तरह पढ़ने/समझने के उपरान्त यह आवेदन दिया जा रहा है। निगम द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्त्तों के अनुसार संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन देता हूँ।
- मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख अथवा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं। निविदा में किसी भी स्तर पर इन्हें गलत पाये जाने पर निगम यथोचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगी।

आवेदक का हस्ताक्षर